बिहार सांख्यिकी तंत्र विकास अभिकरण

Bihar Statistical System Development Agency

राज्य सरकार द्वारा अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय के दायित्वों के त्वरित निष्पादन को ध्यान में रखकर वित्तीय वर्ष 2012–13 में एक सोसाईटी के गठन की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके आलोक में **बिहार सांख्यिकी तंत्र विकास अभिकरण** का गठन किया गया है।

बिहार सांख्यिकी तंत्र विकास अभिकरण के गठन का मूल उद्येश्य वर्त्तमान में कार्यरत संस्थान अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय के मूल स्वरुप एवं उनके ढाँचा को बिना प्रभावित किये निदेशालय को विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त सहयोग प्रदान करना है। ऐसे सभी कार्यों को ध्यान में रखकर, जिनके लिए निदेशालय में कोई व्यवस्था अथवा विशेषज्ञता नहीं है, अभिकरण को सुदृढ़ किये जाने की कार्रवाई की जा रही है, ताकि सोसाईटी अपेक्षित एवं व्यावहारिक रुप में निदेशालय को सहयोग प्रदान कर सके एवं निदेशालय के सहयोगी संस्था के रुप में विकसित हो सके।

लक्ष्य एवं उद्देश्य

1. भारत सांख्यिकी सुदृढ़ीकरण योजना का कार्यान्वयन
2. राष्ट्रीय सांख्यिकी सुदृढ़ीकरण योजना के अनुरुप राज्य सांख्यिकी पद्धति के सुदृढ़ीकरण हेतु राज्य सांख्यिकी सुदृढ़ीकरण योजना का सूत्रण एवं कार्यान्वयन
3. बिहार समग्र सांख्यिकी विकास योजना का सूत्रण एवं कार्यान्वयन
4. 13वीं वित आयोग के तहत योजनाओं का कार्यान्वयन
5. राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मापदण्डों के अनुरुप राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मूल सांख्यिकी का संग्रहण
6. भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सर्वे एवं सर्वेक्षणों का सम्पादन
7. नागरिक पंजीकरण व्यवस्था का कार्यान्वयन
8. विभिन्न सांख्यिकी का संग्रहण, विश्लेषण, प्रतिवेदन तैयार करना एवं उनका प्रकाशन कराना
9. विभिन्न कार्यशाला, सेमिनार एवं इंटर्नशिप कार्यक्रमों का कार्यान्वयन
10. सांख्यिकी कार्यों को जन–साधारण के बीच लोकप्रिय बनाना
11. शोध, अध्ययन एवं मूल्यांकन कार्यों में आवश्यक सहयोग प्रदान करना
12. राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर सौंपे गए कार्यक्रमों का कार्यान्वयन

परियोजना निदेषक–श्री प्रमोद कुमार वर्मा
मोबाईल नं0–9431882733